02955

No. of Printed Pages : 8

**बी.एच.डी.ई.-107**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2014

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

### खण्ड क

*4×15=60*

1. संरचनात्मक भाषाविज्ञान का परिचय देते हुए भाषा के अंगों और भाषाविज्ञान की शाखाओं पर प्रकाश डालिए ।

2. व्यंजन-ध्वनियों की उच्चारणात्मक विशेषताएँ बताइए ।

3. शब्द का अभिप्राय समझाते हुए शब्द-वर्ग का विवेचन उदाहरण सहित कीजिए ।

4. पदबंध से आप क्या समझते हैं ? इसे स्पष्ट करते हुए पदबंधों के प्रकार्यात्मक वर्गीकरण का विवेचन उदाहरण सहित कीजिए ।

5. हिन्दी के शब्द-समूह का स्रोतगत विवेचन किन आधारों पर किया जाता है ? उदाहरण सहित समझाइए ।

6. कोड-मिश्रण क्या है और इसके कारण क्या हैं ? इसे समझाते हुए कोड-मिश्रण और कोड-परिवर्तन में अंतर बताइए ।

7. वाक्य के स्वरूप की चर्चा करते हुए वाक्य का अर्थगत वर्गीकरण कीजिए ।

8. देवनागरी लिपि का परिचय देते हुए देवनागरी वर्णों के मानकीकरण का विवेचन उदाहरण सहित कीजिए ।

## खण्ड ख

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर उदाहरण सहित टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) सर्वनाम शब्दों का सामाजिक संदर्भ

(ख) प्रोक्ति

(ग) विशेषण उपवाक्य के प्रकार

(घ) हिन्दी के व्युत्पादक प्रत्यय

(ङ) काल

(च) पुनरुक्त शब्द

(छ) प्रेरणार्थक क्रियाओं की रूप-सिद्धि

(ज) पारिभाषिक शब्दावली

10. दिए गए निर्देश के अनुसार बदलिए : *5×2=10*

(क) मैं इतनी कठिन चढ़ाई नहीं चढ़ सकूँगा ।

(भाववाच्य में बदलिए)

(ख) माँ बच्चे को दूध पिलाती है ।

(प्रेरणार्थक क्रिया में बदलिए, 'नौकरानी' माध्यम है)

(ग) समुद्र के किनारे जो शंख पड़े थे, वे बहुत छोटे थे ।

(सरल वाक्य में बदलिए)

(घ) पुलिस द्वारा भीड़ पर लाठी-चार्ज किया गया ।

(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ङ) छत पर बहुत फिसलन थी । वह फिसल गया ।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**11.** निम्नलिखित वाक्यों में सही (✓) अथवा ग़लत (×) के निशान लगाइए : *10×1=10*

(क) शब्द भाषा की न्यूनतम स्वतंत्र एवं अर्थवान् इकाई है ।

(ख) संयुक्त वाक्य में एक उपवाक्य मुख्य और शेष गौण होते हैं ।

(ग) वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाता है ।

(घ) हिन्दी में क्रिया-पदबंध की रचना मुख्य क्रिया तथा सहायक क्रिया के संयोग से होती है ।

(ङ) समास के नियमों द्वारा जो शब्द बनाए जाते हैं, उन्हें समस्त पद कहते हैं ।

(च) एक संरूप के अंतर्गत कई रूपिम आ सकते हैं ।

(छ) 'अंत्य प्रत्यय' तथा 'पर प्रत्यय' में भेद होता है ।

(ज) देशज शब्द तद्भव शब्दों से विकसित होते हैं ।

(झ) शब्द और उसके अर्थ में यादृच्छिक सम्बन्ध होता है ।

(ञ) एक भाषा बोलने-समझने वाले लोगों के समूह को 'भाषा समुदाय' कहा जाता है ।

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# सत्रांत परीक्षा
# दिसम्बर, 2014

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी
## ई.एच.डी.-7 : हिन्दी संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : खण्ड क में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

### खण्ड क

*4×15=60*

1. संयुक्त वाक्य और मिश्र वाक्य का अंतर स्पष्ट करते हुए मिश्र वाक्यों की संरचना के आधार स्पष्ट कीजिए ।

2. मुख्य क्रिया से क्या अभिप्राय है ? इसे स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों की सोदाहरण चर्चा कीजिए ।

3. 'संलाप' की संकल्पना स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए ।

4. अर्थ के आधार पर वाक्य का वर्गीकरण कीजिए ।

5. कोड-मिश्रण और कोड-परिवर्तन का अंतर स्पष्ट करते हुए उनके कारणों पर विचार कीजिए ।

6. हिन्दी की समास-प्रक्रिया का विवेचन सोदाहरण कीजिए ।

7. हिन्दी भाषा के प्रमुख शैली-भेदों की चर्चा कीजिए ।

8. हिन्दी भाषी क्षेत्र में नाते-रिश्ते की शब्दावली का विवेचन कीजिए ।

## खण्ड ख

**9.** उपयुक्त उदाहरण देते हुए किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) न्यूनतम युग्म

(ख) संकर शब्द

(ग) हिन्दी में तत्सम और तद्भव शब्द

(घ) मुहावरे और लोकोक्ति में अंतर

(ङ) हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी

(च) संधि

(छ) भाषा और लिपि का सम्बन्ध

(ज) देवनागरी लिपि का मानकीकरण

**10.** उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *5×2=10*

(क) कल पिताजी आ ___________ । (रहे हैं/रहा है)

(ख) ___________ संबोधन में प्रायः पदनाम का प्रयोग होता है । (औपचारिक/अनौपचारिक)

(ग) अन्य भाषाओं के साथ आने वाली ध्वनियों को ___________ ध्वनियाँ कहते हैं । (संयुक्त/आगत)

(घ) ___________ लिपि में लिखित हिन्दी संघ की राजभाषा है । (रोमन/देवनागरी)

(ङ) _________ शब्द के अंत में रहता है । (उपसर्ग/प्रत्यय)

**11.** निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलिए : *5×2=10*

(क) परीक्षा में अंक न आने के लिए परीक्षक को क्यों दोष देते हो ? तुमने उत्तर सही नहीं दिए होंगे ।

(इस वाक्य को लोकोक्ति में बदलिए)

(ख) जैसे ही भूकम्प आया, लोग इधर-उधर भागने लगे ।

('आते ही' से वाक्य बदलिए)

(ग) रास्ते में भीड़ बहुत थी इसलिए मुझे घर आने में देर हो गई । ('के कारण' से वाक्य बदलिए)

(घ) मैंने रेडियो पर ख़बर सुनी कि असम में बाढ़ आई है ।

(सरल वाक्य में बदलिए)

(ङ) हिन्दी-दिवस के अवसर पर सभी संस्थानों में प्रतियोगिताएँ <u>आयोजित</u> की जाती हैं ।

(रेखांकित शब्द के स्थान पर 'आयोजन' का प्रयोग कीजिए)

---